दिनांकः 04.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा –राज्य सरकार ने कहा प्रभावितों को हरसंभव सहायता देने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जीएसटी परिषद् के फैसलों के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया।
- देशभर में कल शिक्षक दिवस मनाया जाएगा–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के बिड़ला सभागार में ।

और

- राज्य के अधिकांश इलाकों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित–अगले तीन–चार दिन दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान।

**000**

विधानसभा में आज अतिवृष्टि के कारण विभिन्न जिलों में फसलों को हुए नुकसान को लेकर भारी हंगामा हुआ। शून्य काल के दौरान कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से अतिवृष्टि से किसानों का हुए नुकसान और मुआवजे का मुद्दा जोरशोर से उठाया। विपक्ष ने मांग की कि किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने की घोषणा तुरंत की जाए। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सदन में सरकार की ओर से जानकारी देते हुए कहा कि अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की व्यवस्था की गई है और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार किसानों और आमजन के साथ है।

--------------------

प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कृषि मंत्री के बयान को अपर्याप्त बताया और मुआवजा बढ़ाने की मांग रखी। उन्होंने विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि ये राहत घोषणा किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है।

------------------

इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने मीड़िया से बातचीत में विपक्ष के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि राज्य सरकार अतिवृष्टि प्रभावितों को राहत देने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिये प्रभारी मंत्री कल से अपने–अपने जिलों का दौरा कर नुकसान का जायजा लेगें।

------------------

विधानसभा ने आज विपक्षी सदस्यों के शोरगुल के बीच 30 मिनट में 3 विधेयको को मंजूरी दी। विधेयकों के पास होने के बाद सदन की कार्यवाही 8 सितंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में अतिवृष्टि के मामले पर विपक्षी सदस्यों की ओर से शून्यकाल में हंगामा हुआ। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर भी यह हंगामा नही थमा। नारेबाजी के बीच सदन में मंत्री सुमित गोदारा ने कारखाना संशोधन विधेयक 2025 सदन में रखा गया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को लाभ दिया जा रहा है और उन्हें रियायत भी दी गई है। श्रमिक संगठनों के साथ बैठकों में सुझाव लिए गए थे। शोरगुल के बीच सदन में विधेयक पारित किया गया। इसके अलावा, सदन में राजस्थान विनियोग विधेयक 2025 तथा राजस्थान माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनि मत से पारित हो गए।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जीएसटी के संबंध में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। आज विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस फैसले से आमजन, किसान और गरीब को सबसे ज्यादा लाभ होगा और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

--------------------

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी इस फैसले का समर्थन किया है। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समाज के सभी वर्गों को राहत मिलेगी और आम नागरिकों का जीवन सरल होगा। साथ ही देश और प्रदेश में उद्योग धंधों को बढ़ावा मिलेगा।

जीएसटी सुधारों को लेकर उद्योग जगत में भी खुशी का माहौल है। फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने केन्द्र सरकार और जीएसटी परिषद् की ओर से किये गये फैसलों का स्वागत किया है।

------------------

गौरतलब है कि जीएसटी परिषद ने आम आदमी और मध्यम वर्ग के उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी 18 तथा 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। अप्रत्यक्ष कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाते हुए परिषद ने वर्तमान चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया है। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दर को समाप्त किया गया है। जबकि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की स्लैब को बरकरार रखा गया है। नई दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी।

000

देशभर में कल राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 45 शिक्षकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक समारोह में सम्मानित करेंगी। यह दिवस, पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाता है। वे एक शिक्षक, ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर और एक दार्शनिक भी थे, उन्होंने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में कई परिवर्तनकारी सुधार किए। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह जयपुर के बिडला सभागार में रखा गया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री तथा तकनीक और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शामिल होगें। इससे पहले आज पूर्व संध्या पर बिडला सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।

000

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव आज एक दिन के दौरे पर कोटा पहुंचे । उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ विभिन्न कार्यक्रमो में भाग लिया। केन्द्रीय मंत्री ने रानपुर स्थित जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में आदिवासी नेता भैरवलाल कालाबादल की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय भवन का लोकर्पण किया। साथ ही भामाशाहों का सम्मान किया। वे आज एक निजी कोचिंग संस्थान में आयोजित आदिवासी जनजाति गौरव सम्मेलन में भाग लेगें।

000

राज्य के अधिकांश इलाकों में पिछले 2–3 दिन से हो रही लगातार बारिश से आम जनजीवन प्रभावित है। बरसात से कई शहरों में निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। वहीं नदी–नालों में उफान से कई मार्ग बाधित हो रहे हैं। डीग के सरकारी अस्पताल में पानी भरने से मरीजों और चिकित्सा कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अलवर में रूपारेल नदी पर चादर चलने से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में परेशानी हुई।

आज सिलीसेढ झील और मूसी महारानी छतरी के पास सागर तालाब ओवर फ्लो हो गया। हनुमानगढ़ में घग्घर नदी में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। अजमेर में कल रात से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी चल रहा है। जिला कलेक्टर ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उधर भीलवाड़ा में भी जिला कलेक्टर ने लोगों से बारिश के दौरान घर में ही रहने की अपील की है। बांसवाड़ा में कभी तेज़ तो कभी हल्की बरसात का सिलसिला जारी है। जिले के सज्जनगढ में झाकोडिया नदी के तेज बहाव में एक कार बह गई जिसको ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि माही बांध में पानी की लगातार आवक को देखते हुए 16 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

...................

मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं बहुत भारी बरसात भी हो सकती है। मौसम विभाग ने आज राजधानी जयपुर सहित 18 ज़िलों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 15 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट है। वहीं कल से जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान कहीं–कहीं मूसलाधार बरसात होने की संभावना है।

000